प्रादेशिक समाचार
10.08.2024 (संध्या 1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. केन्द्र सरकार का फैसला, एससी–एसटी में क्रीमी लेयर का प्रावधान नहीं होगा लागू।

2. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को कोर बैंकिंग, जमा और उधार निधि जुटाने पर ध्यान केंद्रित करने को कहा।

3. झारखंड समेत देश के 6 राज्यों के 63 जिलों में आज से शुरू हुआ फाइलेरिया मुक्त अभियान, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केन्द्र सरकार को दी तैयारियों की जानकारी, कहा– 9 जिलों में 1 करोड़ 24 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित।

4. पलामू जिले की पुलिस ने गुमला में जेवर दुकान में हुए लूटकांड का खुलासा किया, नक्सली संगठन जेजेएमपी का पूर्व एरिया कमांडर, साथी के साथ गिरफ्तार ।

5. मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात को लेकर जारी किया येलो अलर्ट ।

****

केन्द्रीय कैबिनेट ने यह निर्णय लिया है कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण में क्रीमी लेयर लागू नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय सचूना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मीडिया को बताया कि बैठक में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय की हाल की टिप्पणी पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की सुविचारित राय है कि एनडीए सरकार, बाबा साहेब अम्बेडकर द्वारा बनाए गये संविधान के प्रावधानों के प्रति वचनबद्ध है।

****

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने बैंकों में कोर बैंकिंग पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया है। आज नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की बैठक में वित्तमंत्री ने बैंकों से जमा और उधारी राशि से संबंधित प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा।

****

देशभर में हर घर तिरंगा अभियान कल से शुरू हुआ और 15 अगस्त तक चलेगा। केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने लोगों से अनुरोध किया कि वे घर पर तिरंगा फहरायें और तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर हर घर तिरंगा वेबसाइट पर अपलोड करें। इस दौरान देशभर में दो सौ से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा ।

****

झारखंड समेत देशभर में आज से शुरू हुए फाइलेरिया मुक्त अभियान के तहत स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने केंद्रीय स्वतंत्र राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रताप राव जाधव के साथ जमशेदपुर में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य की तैयारियों की जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्री ने एमडीए प्लान 2024 की जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के कुल 9 जिलों चतरा, दुमका, गोड्डा, हजारीबाग, जामताड़ा, लातेहार, पलामू, सरायकेला और पश्चिम सिंहभूम में यह अभियान चलाया जायेगा। आज से 9 जिलों में 1 करोड़ 24 लाख लोगों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाई जायेंगी

****

सरायकेला खरसावां जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम के तहत जिले के 1 हजार 756 केंद्रों में दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को एमडीए– आईडीए की गोली दी जाएगी।

****

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई की ओर से आज रांची में युवा आक्रोश रैली ,योजना सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पार्टी के झारखण्ड विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ समेत कई सांसद और विधायकों के साथ कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक मे पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई।

****

प्रदेश भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने बांग्लादेश मे फंसे भारतीयों के प्रति गहरी चिंता व्यक्त की है। रांची में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बांग्लादेश मे फंसे भारतीयों की स्थिति बद से बदतर है, लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और उपाय तलाश रहे हैं।

****

पलामू जिले की पुलिस ने गुमला में 30 जुलाई को जेवर दुकान में हुए लूटकांड का खुलासा किया है। कुख्यात अपराधी मोनू सोनी के साथ मिलकर लूटपाट करने वाले प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर रहे ललन भुइयां को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों के खिलाफ पलामू और लातेहार जिले के थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

****

गढ़वा जिले में वनों पर परंपरागत रूप से आश्रित अनुसूचित जनजाति और अन्य समुदायों के लिए अबुआ वीर अबुआ दिशोम अभियान की शुरुआत की गयी है।

****

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। रांची मौसम केन्द्र ने वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

********समाप्त********